# फिरकी

Firkee बच्चों की

अंक 10

## एक दिन...

देर से मैं पहुँची स्कूल,
एकदम चिल एकदम कूल,
सर ने मेरा बैग उतारा,
और दिया चम्पा का फूल।

– सुशील शुक्ल

चित्र – प्रशांत सोनी



Firkee 10th issue.indd 1 12-07-2018 PM 12:16:30

# चिड़िया की चोंच

चिड़िया की चोंच में,
चूज़े की चोंच,
चुग्गा लाए,
चिड़िया की चोंच,
चुग्गा पाए,
चूज़े की चोंच!

– प्रमोद पाठक

चित्र – हबीब



Firkee 10th issue.indd 2 12-07-2018 PM 12:16:31

# इस फिरकी में कहानी, कविता का पता





Firkee 10th issue.indd 3 12-07-2018 PM 12:16:49

चित्र – शशि शेट्ये

SHASHI



Firkee 10th issue.indd 4 12-07-2018 PM 12:16:50

# मछली छींकी

एक केंकड़ा बहुत बड़ा,
छींक रहा था पड़ा–पड़ा।
सर्द हवा के आने से,
हुआ जुकाम नहाने से,
दरियाई घोड़ा छींका,
घासों में घोंघा छींका,
मछली छींकी पानी में,
काँपे फूल कहानी में।

– प्रभात



Firkee 10th issue.indd 5 12-07-2018 PM 12:16:52

# नंदू को ज़ुकाम

बहुत ज़ुकाम हुआ नंदू को,
एक रोज़ वह इतना छींका।

इतना छींका, इतना छींका,
इतना छींका, इतना छींका,
सब पत्ते गिर गए पेड़ के,
धोखा हुआ उन्हें आँधी का!

*– रामनरेश त्रिपाठी*

चित्र – शुभम लखेरा



Firkee 10th issue.indd 7 12-07-2018 PM 12:16:58

# खाई दाल

खाई, दाल।<br>
मिर्च, लाल।<br>
पीटे, गाल।<br>
नोंचे, बाल।<br>
बुरा, हाल।

– शिवचरण सरोहा

*चित्र* – मयूख घोष



Firkee 10th issue.indd 8 12-07-2018 PM 12:16:59

# गिरे ताल में चंदा मामा

गिरे ताल में चंदा मामा,
सबने देखा सबने देखा,
फँसे जाल में चंदा मामा,
सबने देखा सबने देखा।

सबने देखा एक अचंभा,
मछुआरे ने जाल समेटा,
कहीं नहीं थे चंदा मामा,
कहाँ गये जी चंदा मामा।

चित्र – सुनीता

– राजेश जोशी



Firkee 10th issue.indd 9 12-07-2018 PM 12:17:06

# चुस्की

ठंडी चुस्की,
आई चुस्की,
चूसो उसको,
छम छम छम।
मीठी चुस्की,
लाल पानी,
बरफ़ पानी,
जो भी खाए,
ठंडी चुस्की,
मुँह लाल हो जाए,
ठंडा मुँह और ठंडे हाथ।

– ध्वनि, 8 साल
शिव नाडर स्कूल

चित्र – प्रशांत सोनी



Firkee 10th issue.indd 10 12-07-2018 PM 12:17:11

चित्र – शशि शेट्ये



Firkee 10th issue.indd 12 12-07-2018 PM 12:17:16

# बीचों-बीच



Firkee 10th issue.indd 13 12-07-2018 PM 12:17:17

# फिरकी में खोजो

ऊपर दिए गए चित्र इस फिरकी में तुमने कहाँ-कहाँ देखे?



Firkee 10th issue.indd 14 12-07-2018 PM 12:17:18

# उई, उई, उई!

उई उई उई,<br>
चुभ गई सुई,<br>
थोड़ी–सी दवा लाओ,<br>
थोड़ी लाओ रूई।

*चित्र* – प्रशांत सोनी

– सुशील शुक्ल



Firkee 10th issue.indd 15 12-07-2018 PM 12:17:19

# केंकड़ी

कहा एक दिन एक केंकड़ी,
ने अपने बच्चों से,
तुम सब सदा चला करते क्यों,
टेढ़े-मेढ़े हो के?

ऐसे तो तुम कहीं चलोगे,
कहीं पहुँच जाओगे,
जहाँ पहुँचना होगा तुमको,
नहीं पहुँच पाओगे।
सीधे होकर चलना सीखो,
मेरी सीख यही है,
सदा बड़ों का कहना माने,
बच्चा ठीक वही है।

– निरंकार देव सेवक

*चित्र* – मयूख घोष



Firkee 10th issue.indd 16 12-07-2018 PM 12:17:20

चित्र – निलेश गहलोत



Firkee 10th issue.indd 18 12-07-2018 PM 12:17:22

# मुर्गी माँ

मुर्गी माँ घर से निकली,
झोला ले बाज़ार चली,
बच्चे बोले चें–चें–चें,
अम्माँ हम भी साथ चलें।

– निरंकार देव सेवक



Firkee 10th issue.indd 19 12-07-2018 PM 12:17:23

# ईख बोली

ईख खेत में बोली,
अपने पास वाली ईख से,
मेरे ऊपर क्यों गिरती हो,
खड़ी रहो ना ठीक से!

– प्रभात

चित्र – सुनीता



Firkee 10th issue.indd 20 12-07-2018 PM 12:17:33

# चंदा काला कि पीला

चढ़–चढ़ मकड़ी,
गगन में चढ़ जा,
ना चढ़े तो,
आगे बढ़ जा।
मकड़ी के जाल,
जंगलों में,
देखो रे भाई,
बादलों में,
चंदा काला कि पीला।

– प्रभात

चित्र – सुनीता

सुनीता



Firkee 10th issue.indd 22 12-07-2018 PM 12:17:47

# अंडे में एक अंडा है

1. जूँ 2. जुगाली 3. जंगला 4. जुगनू 5. जुलूस 6. जज 7. जिराफ़

इस चित्र को देखकर तुम कौन-कौन से शब्द सोच पाते हो?

# फिरकी में इस चित्र को देखो और नाम सोचो!

सर्वाधिकार सुरक्षित

» प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फ़ोटोप्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुनः प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।

» इस दस्तावेज़ की आंशिक या समग्र रूप से समीक्षा, सारांश, पुनः उत्पादन अथवा अनुवादित किया जा सकता है, लेकिन इसे न तो विक्रय के लिए और न ही किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जाए।

» इस पत्रिका की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना यह पत्रिका अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी और न ही बेची जाएगी।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

प्रकाशन सहयोग

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग | : | एम. सिराज अनवर |
| मुख्य संपादक | : | श्वेता उप्पल |
| मुख्य व्यापार प्रबंधक | : | गौतम गांगुली |
| मुख्य उत्पादन अधिकारी | : | अरुण चितकारा |
| सहायक उत्पादन अधिकारी | : | जहान लाल |

संपादन मंडल

| | |
|---|---|
| शैक्षणिक संपादक – | उषा शर्मा |
| | मीनाक्षी खार |
| संपादन मंडल – | कीर्ति कपूर |
| | ज्योत्स्ना तिवारी |
| | वरदा निकालजे |
| | श्वेता उप्पल |
| | संध्या सिंह |
| | सोनिका कौशिक |
| सहयोग – | विजयन्ती |
| | निशु जायसवाल |
| साज-सज्जा – | गिरीश गोयल |

**सुझावों तथा प्रतिक्रियाओं के लिए संपर्क करें-**

उषा शर्मा एवं मीनाक्षी खार (कार्यकारी संपादक)
प्रारंभिक साक्षरता कार्यक्रम
कक्ष संख्या 307, तीसरी मंज़िल, जी. बी. पंत ब्लॉक
एन.सी.ई.आर.टी., श्री अरविंद मार्ग, नयी दिल्ली - 110016
दूरभाष- 011-26592293
ईमेल- earlyliteracy.ncert@gmail.com

**PD 5T RPS**

*© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2018*

80 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित

प्रकाशन प्रभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा पुष्पक प्रैस प्राइवेट लिमिटेड, 203-204 डी.एस.आई.डी.सी. शेड्स, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फ़ेज़-I, नयी दिल्ली 110 020 द्वारा मुद्रित।

21138

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110 016

₹ 20.00

**ISBN 978-93-5292-066-2**